an>

Title: Need to promote research in vertical farming in Urban areas.

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, भारत विश्व में एक कृषि प्रधान देश माना जाता है। ...(व्यवधान) अगर हम इस कृषि प्रधान देश की हालत व्यापक रूप में देखें, तो जिस तरह से लोक संख्या बढ़ रही है, उस तरह से किसानों की खेती की जमीन धीरे-धीरे कम हो रही है। ...(व्यवधान) शहरों के अंदर जिस मात्रा में सब्जियां चाहिए, उस मात्रा में सब्जियां उपलब्ध कराना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में, वर्टिकल फार्मिंग एक ऐसी शोध हुई है, जिसके माध्यम से दीवारों एवं छतों पर ऐसी खेती हो सकती है। इसके कई सफल प्रयोग भी हुए हैं। मैं माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस विषय पर शोध हो कि कैसे शहरों में वर्टिकल फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाए, जिससे शहरों की खपत पूरी हो पाए।

मैं आपके माध्यम से यही आग्रह माननीय कृषि मंत्री जी से करना चाहूंगा।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री शरद त्रिपाठी एवं

डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री महेश गिरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।